**21/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा और राज्यसभा आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गईं। इसके साथ ही, पिछले महीने की 21 तारीख से शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया। लोकसभा में जब पहली स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 14 सरकारी विधेयक पेश किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। इस बीच, राज्यसभा में संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 को आगे की जाँच के लिए संसद की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया है।

0000000000000000000000

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया है, जिसे आज राज्यसभा ने भी मंज़ूरी दे दी। यह विधेयक ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाता है। इसके अतिरिक्त, विधेयक में ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश, संचालन या सुविधा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

00000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव ने आज मॉस्को में अपनी बैठक के दौरान भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की। वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में, डॉ. जयशंकर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत और रूस के बीच संबंध दुनिया के सबसे मज़बूत संबंधों में से एक रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भू-राजनीतिक अभिसरण, नेतृत्व संपर्क और जनभावनाएँ भारत-रूस साझेदारी के प्रमुख प्रेरक हैं। दोनों मंत्रियों ने रूस को भारत के निर्यात को बढ़ाने सहित, संतुलित और सतत तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने की साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि की।

00000000000000000000000

चेयरमेन पब्लिक अकाउंट डॉ. मोहेश चाई ने आज विधानसभा कॉन्फ्रेंस हॉल ईटनगर में आठवीं विधान सभा की पब्लिक अकाउंट्स कमिटी की चौथी बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान, चार सरकारी विभाग, पर्यटन, लॉटरी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, और लोक निर्माण विभाग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट से संबंधित मौखिक प्रस्तुत के लिए समिति के समक्ष उपस्थित हुए।

00000000000000000000000

नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में, अरुणाचल पर्यटन को अनछुए स्थलों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन एवं यात्रा पुरस्कार (ITCTA) 2025 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कहा कि, यह सम्मान राज्य के छिपे हुए जगहों को उजागर करने, अनूठे अनुभवों को प्रदर्शित करने और दुनिया को कम देखे गए स्थानों की खोज के लिए आमंत्रित करने में अरुणाचल पर्यटन विभाग के अथक प्रयासों को दर्शाता है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कल आंजाव उपायुक्त मिलो कोजिन की अध्यक्षता में ज़िले में प्रस्तावित 1,200 मेगावाट की कालाई-II जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंज़ूरी देने के लिए एक जन सुनवाई आयोजित की। इस परियोजना का विकास THDC इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। सुनवाई में राज्य महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल, THDC के अधिकारी और 33 गाँवों के 350 से अधिक परियोजना प्रभावित लोगों ने भाग लिया। स्थानीय लोगों से परियोजना का समर्थन करने का आग्रह करते हुए, श्रीमती पुल ने उत्तराखंड के टेहरी बांध को विशाल जलविद्युत अवसंरचना के लाभों का एक उदाहरण बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना के 50% रोज़गार के अवसर भूमि प्रभावित परिवारों के लिए आरक्षित किए जाएँगे, साथ ही क्षेत्र में स्वरोज़गार और उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

00000000000000000000000

ऑर्गेनिक बागवानी को बढ़ावा देने और स्थानीय किसानों के उत्पादन एवं आय को बढ़ाने की दिशा में एक मत्वपूर्ण कदम के तहत आज किदफेल में केंद्र प्रायोजित योजना, समन्वित बागवानी विकास मिशन (MIDH) के प्रमुख घटक, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तत्वावधान में एक व्यापक बागवानी जागरूकता सह इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 72 कृषक परिवारों को हाइब्रीड सब्जियों के बीज, जैविक खाद, कीटनाशक, आदि से युक्त इनपुट किट प्राप्त हुए।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 4 जिलों वेस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, लोहित और चांग्लांग के लिए ऑरेंज और अन्य 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

00000000000000000000000

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर आज पासीघात स्थित रानाघाट में वृद्धों की देखभाल के लिए समर्पित संस्था "आयी के अकुम" पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य घर पर वृद्धों के देखभाल करने वालों की भूमिका पर ज़ोर देते हुए, वृद्ध सदस्यों के साथ जुड़ना और उनका समर्थन करना है।